प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्य चुनाव आयुक्त  ज्ञानेश कुमार रांची पहुंचे, आज रामगढ़ के रजरप्पा में चुनाव में भाग लेने वाले वॉलेंटियर्स से मिलेंगे, कल उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को करेंगे सम्मानित।
2. जेएसएससी ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर, इस वर्ष 975 दारोगा समेत 38 हजार से ज्यादा पदों पर होगी नियुक्ति।
3. राज्य में धान क्रय की समय सीमा 15 दिन बढ़ायी गयी, विभागीय मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जारी किया आदेश, अब तक लक्ष्य से 43 फीसदी कम हुई है खरीद।
4. रांची समेत राज्य के 10 जिलों में आज भी आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया औरेंज अलर्ट।
5. झारखंड राज्य रग्बी चैंपियनशिप की आज रांची में होगी शुरुआत, प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की कुल 26 टीम लेंगी हिस्सा।

*******************

चुनाव प्रक्रिया और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्य चुनाव आयुक्त झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर कल शाम रांची पहुंचे। हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार समेत कई अन्य अधिकारियों ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने नए शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर में 13 परीक्षाओं का विवरण प्रकाशित किया गया है, जिसके माध्यम से कुल 38 हजार 9 सौ अंठानवे पदों पर नियुक्ति होगी। इसमें कई परीक्षाओं की प्रक्रिया वर्ष 2023–24 से चल रही है। इस वर्ष राज्य सरकार 975 पुलिस अवर निरीक्षकों की नियुक्ति करेगी।

*******************

झारखंड में खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में हो रही धान की खरीद की समय सीमा 15 दिन बढ़ा दी गयी है। राज्य में धान क्रय की तिथि 15 अप्रैल थी, जिसे बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया गया है। विभागीय मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक राज्य के सभी 24  जिलों में  34 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीद हुई है लेकिन यह लक्ष्य से करीब 43 फीसदी कम है। राज्य सरकार ने इस बार 60 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिले में चैत्रपर्व छऊ– महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने इसका उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार कला एवं सांस्कृतिक संरक्षण के लिए कृ तसंकल्पित है।

*******************

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि ग्रामोत्थान से ही राष्ट्रोत्थान संभव है। जीवन के हर क्षेत्र में क्या परिवर्तन होने चाहिए, यह निरंतर सोचते रहना चाहिए। वे रांची में विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत की नई पुस्तक श्परंपरा और प्रयोगश के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने थीम संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा कर दी है। यह वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 के अंतर्गत आयोजित की जा रही 32 चुनौतियों में से एक है। वेव्स 2025 इस वर्ष पहली से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होगा।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- गढ़वा जिले के हरैया गांव स्थित नदी आरा टोला में तालाब में डूबने से चार युवतियों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि चारों लड़कियां स्नान करने तालाब गये थे और इसी दौरान एक–एक कर सभी डूब गयीं।
- होली के दिन गिरिडीह जिले के घोड़थंबा में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प मामले की जांच करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम घोड़थंबा पहुंची है। टीम ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की।

*******************

राज्य के 10 जिलों में आज भी आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और कहीं–कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक रांची समेत राज्य के बाकी जिलों में हवा के साथ बारिश की संभावना है।

*******************

झारखंड राज्य रग्बी चैंपियनशिप आज से रांची में शुरु हो रही है। खेलगांव स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम में होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से पुरुष और महिला की कुल 26 टीम हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्व रिकार्ड धारक पर्वतारोही सत्यारुप सिद्धांत करेंगे।

*******************

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप प्रतियोगिता के पहले चरण में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक जीते।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सिदो–कान्हू जयंती समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– भाजपा ने राज्य को कीचड़ में धकेला था, हम झारखंड को विकसित बनायेंगे।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य के 49 नगर निकायों में दिहाड़ी मजदूरों के लिए बनेंगे श्रमिक चौक।

दैनिक भास्कर लिखता है– ताला मरांडी ने छठी बार पार्टी बदली, फिर झामुमो के हुए।

दैनिक जागरण ने पेरवाघाघ जलप्रपात में डूबने से रांची के छात्र की मौत की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

*******************